## स्टार विमेंस बैंड की शानदार प्रस्तुति




**इंदौर** समाजसेवी मदन परमालिया के जन्मोत्सव पर स्टार विमेंस बैंड ने शानदार प्रस्तुति दी। जिस तरह से प्रकृति में सात रंग होते हैं। संगीत के सात सुरों से संगीत साधना होती है उसी तरह से संगीत के प्रति समर्पित स्टार विमेंस बैंड की सात महिला सदस्याएं अपना नाम स्थापित कर रहीं हैं। स्टार विमेंस बैंड की संचालिका सैक्सोफोन प्लेयर मनीषा यादव के नेतृत्व में जांबाज सदस्याएं शोभना गुजराती, हुसैना बुरहानी वाला, जयश्री राजदेव, अनीता दुबे, मनीषा जौहरी ने बैंड पर शानदार प्रदर्शन किया और इनका साथ निभाया सुरीली आवाज की मलिका अनामिका जैन ने।देश भक्ति, धार्मिक और फिल्मी गीतों की प्रस्तुति पर उपस्थित जन समुदाय आनंदित हो उठा।

## स्वास्थ्य सुविधाओं में प्रकाश व्यवस्था पर प्रस्तुति




**इंदौर** इंडियन सोसाइटी ऑफ लाइटिंग इंजीनियर्स (आईएसएलई) के मध्य प्रदेश राज्य केंद्र ने तकनीकी प्रस्तुति का आयोजन किया। यह सत्र प्रख्यात प्रकाश विशेषज्ञ अजय गुप्ता द्वारा प्रस्तुत किया गया। 'स्वास्थ्य सुविधाओं में प्रकाश व्यवस्था' शीर्षक वाली इस प्रस्तुति में आधुनिक प्रकाश डिजाइन सिद्धांतों और स्वास्थ्य देखभाल परिवेशों में अपनाई गई उन्नत प्रकाश रणनीतियों पर ध्यान केंद्रित किया गया, जिनका उद्देश्य रोगी के आराम, सुरक्षा, परिचालन दक्षता और ऊर्जा दक्षता को बढ़ाना है।इस कार्यक्रम में आईएसएलई के सदस्य, प्रकाश विशेषज्ञ, सरकारी अधिकारी, सलाहकार, प्रख्यात इंजीनियर, वास्तुकार, शिक्षाविद और प्रकाश उद्योग के प्रतिनिधि उपस्थित थे। 250 से अधिक पेशेवरों की सदस्यता के साथ, आईएसएलई मध्य प्रदेश राज्य केंद्र नियमित रूप से तकनीकी व्याख्यान, सेमिनार, कार्यशालाएं, सम्मेलन और प्रदर्शनियों का आयोजन करके प्रकाश इंजीनियरिंग में उत्कृष्टता को बढ़ावा देना जारी रखता है।

## प्रदेश के उच्च शिक्षण संस्थानों में चलेगा नशे से दूरी है जरूरी 2.0 अभियान

**इंदौर,** विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों से बचाने और समाज में नशा मुक्ति के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से प्रदेश के सभी शासकीय एवं निजी विश्वविद्यालयों तथा महाविद्यालयों में 'नशे से दूरी है जरूरी 2.0' अभियान संचालित किया जाएगा। यह अभियान 15 जुलाई से 30 जुलाई 2026 तक चलेगा। उच्च शिक्षा विभाग द्वारा सभी उच्च शिक्षण संस्थानों को अभियान के अंतर्गत समयबद्ध रूप से जागरूकता गतिविधियां आयोजित करने के निर्देश दिए गए हैं। अभियान की शुरुआत 15 जुलाई 2026 को होगी। जागरूकता रैली, ड्रग अवेयरनेस रन की गतिविधियां होंगी। इस दौरान स्थानीय मीडिया के माध्यम से जागरूकता संदेश प्रसारित किए जाएंगे तथा नशा मुक्ति से जुड़े पम्पलेट वितरित किए जाएंगे। विद्यार्थियों को नशा मुक्त जीवन की शपथ भी दिलाई जाएगी। इसके साथ ही विद्यार्थियों द्वारा नशे के विरुद्ध जन-जागरूकता के लिए रील्स एवं शॉर्ट फिल्म निर्माण तथा उनका प्रदर्शन किया जाएगा। साथ ही नशा मुक्ति विषय पर विशेष व्याख्यान और डॉक्यूमेंट्री प्रदर्शन आयोजित होंगे। उच्च शिक्षण संस्थानों के आसपास तम्बाकू, सिगरेट या अन्य नशीले पदार्थों की बिक्री नहीं हो, इस संबंध में भी जागरूकता सुनिश्चित की जाएगी। चित्रकला, निबंध, पेंटिंग, स्लोगन, रंगोली एवं पोस्टर प्रतियोगिताओं के माध्यम से विद्यार्थी नशा मुक्ति का संदेश देंगे। इन गतिविधियों में विद्यार्थियों के साथ अभिभावकों की सहभागिता भी सुनिश्चित की जाएगी। अभियान का उद्देश्य युवाओं में नशे के प्रति जागरूकता बढ़ाकर उन्हें स्वस्थ जीवनशैली के लिए प्रेरित करना और शिक्षण संस्थानों के माध्यम से नशा मुक्त समाज के निर्माण में सहभागिता सुनिश्चित करना है।

## लिट वुमेंस चौक की राउंड टेबल कांफ्रेंस में महिलाओं से संबंधित विषयों पर चर्चा की

**इन्दौर** इकोनॉमिक इंडिपेंडेंस और मेंटल वेलनेस फॉर वूमेन विषय पर लिटचौक के विशेष प्रकल्प लिट वुमेंस चौक के तहत एक राउंड टेबल कांफ्रेंस आयोजित की गई जिसमें पत्रकारिता, चिकित्सा, शिक्षा, ब्यूटी, रक्षा, वकालत, उद्यम, स्वास्थ, सामाजिक कार्य, पर्यावरण, साहित्य के क्षेत्रों में सक्रियता से कार्यरत 20 महिलाओं ने भाग ले अहम पहलुओं पर विचार विमर्श करते चर्चा की। कांफ्रेंस में महिलाओं की आर्थिक स्वतंत्रता के विषय पर सीए किमीशा सोनी ने, तों डॉ स्वाति भार्गव ने महिलाओं के मानसिक और शारीरिक स्वास्थ, अनुभा आनन्द ने महिलाओं के हक और आत्मनिर्भरता, लेफ्टिनेंट कर्नल प्रीथा गांगुली ने लड़कियों को मजबूत बनाने में समाज की जिम्मेदारी, चानी त्रिवेदी ने महिलाओं की आत्मनिर्भरता, दृष्टि रावल ने आर्थिक विकास और महिलाओं के अधिकार पर बात की। कांफ्रेंस में डॉ आरती मंडलोई, एडिशनल डीसीपी सीमा अलावा, शिक्षाविद् दीप्ति मसंद शर्मा, इंटरप्रेन्योर दीपिका उपाध्याय, डॉ मीनल उप्रेती, विजयता जैन, अर्चना परसाई गहलोत, शीतल बदौले, रचना घोलप, डॉ दीप्ति जैन, ऑथर गरिमा दुबे, उन्नति सिंह, डॉ पल्लवी गुप्ता वाजे सम्मिलित हुई।

**कार्टून कोना**







### सर्वोच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति जितेंद्र माहेश्वरी ने किया भूमिपूजन

# श्री आनंदम भवन के द्वितीय चरण के निर्माण का शुभारंभ,

## तीन मंजिलों पर बनेंगे 51 आधुनिक अतिथि कक्ष कुल 105 कमरे होंगे भवन में

**इंदौर।** श्री माहेश्वरी जनकल्याण ट्रस्ट द्वारा संचालित श्री आनंदम भवन के द्वितीय चरण के नवीन निर्माण कार्य का शुभारंभ बायपास पर तेजाजी नगर स्थित परिसर में विधि-विधान के साथ हुआ। सुप्रीम कोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायाधीश न्यायमूर्ति जितेंद्र माहेश्वरी, अनुष्ठान लखन पवन लड्डा परिवार, केदारमल जाखेटिया, दिलीप तोतला ने सपत्नीक वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भूमिपूजन एवं निर्माण अनुष्ठान संपन्न कराया।

माननीय जस्टिज श्रीमान जितेन्द्र जी माहेश्वरी ने इस अवसर पर आयोजित सम्मान समरोह में रामचरितमानस की चौपाई ईश्वर अंश जीव अविनाशी से अपनी बात रखते हुए कहा की मानव में सकारात्मक सोच हें तो उस थोड़े प्रयास से अपनी परिस्थिति बदल सकता हें वह जीवन को अमन, सहज व सुखद बना सकता हें।

आपने आगे कहा की अभी . का जमाना हें लेकिन वह भावनात्मक रूप में हमारे इमोशन से काम नहीं कर सकता। समाज हित में स्व से सर्वोदय की भावना से ही इस तरह आनंदम भवन निर्माण जैसे नेक कार्य सम्भव हें। आप ने कहा कि आज में अतिथि के रूप में जिस माहेश्वरी भवन आनंदम के हॉल में खड़ा हूँ वह किसी एक अकेले व्यक्ति कि मेहनत नहीं हें बल्कि बहुत सारे समाजज़न के अर्थिक सहयोग का प्रतिफल हें. आज भवन के द्वितीय चरण के उद्घाटन समारोह हें यह कार्य भी दान दाताओं के सहयोग से ही सम्भव हें।

ट्रस्ट के अध्यक्ष केदारमल जाखेटिया ने स्वागत उद्बोधन दिया। ट्रस्ट के सचिव सीए भरत सारड़ा ने बताया कि वर्तमान में तीन सितारा समकक्ष भवन में सर्व सुविधायुक्त 53 कमरे,3 हॉल, एक लाख फुट का सुंदर लॉन एवं पार्किंग सुविधा उपलब्ध है। उपाध्यक्ष श्री घनश्याम झंवर ने जानकारी दी कि द्वितीय चरण के तहत तीन नई मंजिलों पर 51 और आधुनिक, पूर्ण सुविधायुक्त, तीन सितारा समकक्ष अतिथि कक्षों का निर्माण किया जाएगा।

निर्माण पूर्ण होने के बाद श्री आनंदम भवन की आवासीय एवं आयोजन क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी।

प्रचार संयोजक मुकेश कचोलिया ने बताया कि समारोह में ट्रस्ट के निवर्तमान अध्यक्ष श्री रामेश्वरलाल जी असावा का अत्यंत गरिमामय सम्मान न्यायमूर्ति जितेन्द्र जी माहेश्वरी व ट्रस्ट के अध्यक्ष केदारमल जखेटिया,सभी पदाधिकारी एवं संयोजकों द्वारा उन्हें मालवी पगड़ी पहना कर शाल, श्रीफल व अभिनंदनपत्र भेंटकर सम्माननीय अतिथि, पदाधिकारी व संयोजकों द्वारा किया गया।

सम्मान विधि का संचालन व अभिनंदन पत्र का वाचन राजेंद्र मंत्री ने किया,जीवन परिचय प्रेम माहेश्वरी ने दिया।

नवीन निर्माण में प्रमुख आर्थिक सहयोग देने वाले लाभार्थियों केदारमल-राजकांता जाखेटिया, पवन-किरण लड्डा, अनिल-सुधा



राठी तथा दिलीप-ज्योति तोतला का परिचय सुमित काबरा ने दिया तत्पश्चात आप सभी का परिजन की उपस्थिति में गरिमामय अभिनंदन किया गया। इसी कड़ी में ट्रस्ट प्रकल्प के फाउंडर ट्रस्टी स्व.श्री रामस्वरूप जी धुत (पूर्व कार्यवाहक अध्यक्ष) स्व.श्री शिवभगवान जी परवाल(पूर्व कोषाध्यक्ष) सर्वश्री गिरधरलाल सारडा, रामअवतार जाजू, श्रीनिवास मालपानी, सीए भरत सारडा, अजय सोडानी का व निवर्तमान कोषाध्यक्ष मांगीलाल कासट, संयोजक कृष्णगोपाल पुगलिया का भी मूमेंट प्रदान कर सम्मान किया गया।

सम्मान की कड़ी में विशिष्ट क्रम था मिस यूनिवर्स इंडिया 2026 के फाइनलिस्ट के रूप में चयनित ट्रस्टी परिवार की बेटी कुमारी श्रेया बेड़िया के सम्मान का। विदित हो इस इवेंट से ही भारतीय प्रतिभा सुष्मितासेन,लारा दत्ता ने मिस यूनिवर्स का खिताब मिला। श्रेया को करतल ध्वनि से स्वागत मंच पर लाया गया ओर मंचासीन अतिथियों व पदाधिकारियों द्वारा मोमेंटो,बुके से अभिनन्दन कर विजेता होने की शुभकामनाएं दी गई। इस अवसर पर श्रेया के माता पिता गोबिंद नीलम बेड़िया भी उपस्थित थे।

माननीय जस्टिज श्रीमान जितेन्द्र जी माहेश्वरी ने अपने उद्बोधन में कहा कि आज में अतिथि के रूप में जिस माहेश्वरी भवन आनंदम के हॉल में खड़ा हूँ वह किसी एक अकेले व्यक्ति कि मेहनत नहीं हें बल्कि बहुत सारे समाजज़न के अर्थिक सहयोग का प्रतिफल हें. आज भवन के द्वितीय चरण के उद्घाटन समारोह हें जिसमें भी दान दाताओं के सहयोग से ही सम्भव हें। आपने रामचरितमानस की चौपाई ईश्वर अंश जीव अविनाशी से अपनी बात रखते हुए कहा की मानव में सकारात्मक सोच हें तो उस थोड़े प्रयास से अपनी परिस्थिति बदल सकता हें वह जीवन को अमन, सहज व सुखद बना सकता हें।

आपने आगे कहा की अभी .का जमाना हें लेकिन वह भावनात्मक रूप से हमारे इमोशन से काम नहीं कर सकता। समाज हित में स्व से सर्वोदय की भावना से ही इस तरह के नेक कार्य सम्भव हें।

**कार्यक्रम में समाज के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में समाजबंधु उपस्थित रहे।**

सचिव सीए भरत सारडा व कोषाध्यक्ष अश्विनलखोटिया आर्थिक सहयोगियों के नमो की घोषणा की।सह सचिव दिनेश परवाल ने सभी अतिथि, आर्थिक सहयोगी ओर आगंतुकों का आभार माना।अर्थ संग्रह समिति संयोजक राजेंद्र मंत्री, निर्माण समिति संयोजक प्रेम माहेश्वरी, साजसज्जा समित संयोजक सुमित काबरा, पूर्व में मंजिल दानदाता लखनलाल जी नागौरी,शिवनारायण जी भूतड़ा, ट्रस्ट बोर्ड के सदस्य सुरेश नवाल, केदार सारडा, सुभाष राठी, बसंत भट्टड़, बी डी भट्टड़, केदार हेडा, राधेश्याम काबरा ने अतिथियों का सम्मान किया।

महेश्वरी समाज इंदौर जिला के नवनिर्वाचीत अध्यक्ष श्री ईश्वर बाहेती ओर उनकी टीम के दसो पदाधिकारियों का स्वागत अतिथि द्वारा माला पहना कर किया गया।

इस अवसर पर माहेश्वरी समाजजन के लिए मेडिकेयर हॉस्पिटल द्वारा प्रदत्त डिस्काउंट कार्ड का भी विमोचन किया गया, इस कार्ड के धारक व परिवार के सदस्यों को 5 से 30 प्रतिशत तक की छूट उपलब्ध होगी।

इस भवन में पिछले डेढ़ वर्ष में 200से अधिक आयोजन संपन्न हुए हे।

### घर से अटेंडेंस पर रोक

# अब स्कूल में ही करना होगा लॉगिन-लॉग आउट, शिक्षकों-कर्मचारियों के लिए नए निर्देश

**पीथमपुर।** सरकारी स्कूलों में शिक्षकों और कर्मचारियों की उपस्थिति व्यवस्था को अधिक पारदर्शी बनाने के लिए स्कूल शिक्षा विभाग ने नई व्यवस्था लागू करने का निर्णय लिया है। अब शिक्षक और कर्मचारी घर या अन्य स्थान से ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज नहीं कर सकेंगे। उन्हें स्कूल परिसर में पहुंचकर ही मोबाइल ऐप के माध्यम से लॉगिन और लॉगआउट करना होगा। विभाग के निर्देशों के अनुसार, स्कूल परिसर में जियो-फेंसिंग (लोकेशन आधारित प्रणाली) लागू की जाएगी। इससे कर्मचारी केवल निर्धारित परिसर के भीतर ही उपस्थिति दर्ज कर सकेंगे। इसका उद्देश्य फर्जी उपस्थिति और घर बैठे अटेंडेंस लगाने जैसी शिकायतों पर रोक लगाना है।

नई व्यवस्था में सुबह स्कूल पहुंचने पर लॉगिन और छुट्टी के समय लॉगआउट अनिवार्य होगा। इसके साथ ही प्रत्येक शिक्षक और कर्मचारी के लिए प्रतिदिन न्यूनतम छह घंटे की ड्यूटी भी सुनिश्चित की जाएगी। यदि कोई कर्मचारी निर्धारित समय से पहले स्कूल छोड़ता है या छह घंटे से कम समय तक उपस्थित रहता है, तो उसकी जानकारी सिस्टम में दर्ज होगी। विभागीय अधिकारियों के अनुसार, इस व्यवस्था से विद्यालयों में शिक्षकों की वास्तविक उपस्थिति सुनिश्चित होगी और शैक्षणिक गतिविधियों की बेहतर निगरानी की जा सकेगी। इससे विद्यार्थियों को भी नियमित रूप से शिक्षकों की उपलब्धता का लाभ मिलेगा। हालांकि, कई शिक्षकों ने ग्रामीण क्षेत्रों में नेटवर्क और तकनीकी समस्याओं का मुद्दा भी उठाया है। उनका कहना है कि कई स्कूलों में इंटरनेट और मोबाइल नेटवर्क कमजोर रहता है, जिससे ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज करने में दिक्कत आ सकती है। ऐसे क्षेत्रों में विभाग को वैकल्पिक व्यवस्था भी उपलब्ध करानी चाहिए। विभाग ने स्पष्ट किया है कि नियमों का पालन नहीं करने वाले कर्मचारियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जा सकती है। यदि बिना उचित कारण उपस्थिति दर्ज नहीं होती है या कार्य अवधि पूरी नहीं की जाती है, तो वेतन कटौती सहित अन्य विभागीय कार्रवाई भी संभव है।

## मालवा निमाड़ में अटल गृह ज्योति योजना अंतर्गत 148 करोड़ रूपए की सब्सिडी दी

**इंदौर।** मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी राज्य शासन की अटल गृह ज्योति योजना का प्रभावी क्रियान्वयन कर रही हैं। पिछले एक बिल माह के दौरान कंपनी क्षेत्र के पात्र घरेलू उपभोक्ताओं के बिजली बिलों में 148 करोड़ से अधिक रूपए की सब्सिडी प्रदान की गई है।

राज्य शासन की इस सब्सिडी योजना से 26 लाख 47 हजार से ज्यादा उपभोक्ता लाभान्वित हुए हैं। योजना अंतर्गत मालवा निमाड़ में ज्यादा इंदौर जिले तीन लाख से ज्यादा उपभोक्ता लाभान्वित हुए हैं, इन्हें 14 करोड़ से ज्यादा की राहत प्रदान की गई है। धार जिले के 2.58 लाख उपभोक्ताओं , खरगोन जिले के 2.52 लाख उपभोक्ताओं को, उज्जैन जिले के 2.36 लाख उपभोक्ताओं को, रतलाम जिले के 2 लाख 400 उपभोक्ताओं को अटल गृह ज्योति योजना से लाभान्वित कर बिल में सब्सिडी प्रदान की गई है। इसी तरह अन्य जिलों में 75 हजार से 1.92 लाख उपभोक्ताओं को इस महत्वपूर्ण योजना से लाभान्वित कर घरेलू बिलों में पात्रतानुसार राहत दी गई है। इस

## साहित्यकार नलिन खोईवाल को राष्ट्रीय साहित्य रत्न सम्मान




**इंदौर** -शहर के वरिष्ठ साहित्यकार, गजलकार, व्यंग्यकार एवं लोकप्रिय कवि नलिन खोईवाल को साहित्य के क्षेत्र में उनके दीर्घकालीन एवं उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रतिष्ठित सुमन सागर पत्रिका द्वारा 'साहित्य रत्न सम्मान' 2026 से सम्मानित किया गया।नलिन खोईवाल गत 40 वर्षो से लेखन के क्षेत्र में सक्रिय है तथा इनकी 3000 से अधिक रचनाएं देश-विदेश की विभिन्न प्रतिष्ठित पत्र-पत्रिकाओं में प्रकाशित हो चुकी है तथा इन्हें पूर्व में राष्ट्रीय तुलसी सम्मान सहित कई राष्ट्रीय पुरस्कार भी प्राप्त हो चुके हैं। यह सम्मान पटना (बिहार) से पिछले 26 वर्षों से निरंतर प्रकाशित हो रही प्रतिष्ठित त्रैमासिक साहित्यिक पत्रिका 'सुमन सागर' द्वारा अपनी संस्थापक स्वर्गीय गंगा देवी की स्मृति में प्रदान किया जाता है। साहित्य, शिक्षा तथा सामाजिक क्षेत्र से जुड़े विषयों को समर्पित यह पत्रिका राष्ट्रीय स्तर पर अपनी विशिष्ट पहचान रखती है।

# खजराना में अस्पताल बनाने के लिए 10 करोड़ रुपये की राशि भी स्वीकृत की गई थी

**इंदौर** अमर शहीद सआदत खां भागीरथ सिलावट मेमोरियल सोसायटी के सचिव आसिफ खान ने बताया कि सोसायटी के अध्यक्ष हाजी मोहम्मद इकबाल खान के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने भोपाल में मध्यप्रदेश के उप मुख्यमंत्री एवं स्वस्थ मंत्री राजेंद्र शुक्ला से मुलाकात कर बताया की खजराना क्षेत्र के नागरिकों ने अनेको बार 100 बिस्तर अस्पताल की मांग की थी। 23 जून 2020 को प्रस्तावित अस्पताल के लिए 87 पदों (डॉक्टर एवं नर्सिंग स्टाफ) की स्वीकृति प्रदान की गई थी तथा अस्पताल बनाने के लिए 10 करोड़ रुपये की राशि भी स्वीकृत की गई थी। इसके बावजूद छह वर्ष बीत जाने के बाद भी निर्माण कार्य प्रारंभ



नहीं हो सका। सोसायटी के अध्यक्ष हाजी मोहम्मद इकबाल खान ने बताया कि खजराना क्षेत्र में खजराना गणेश मंदिर, कालिका माता मंदिर, दरगाह नाहरशाह वली सहित आसपास के क्षेत्रों की लगभग 5 से 7 लाख आबादी निवास करती है। अस्पताल बनने से क्षेत्र के लगभग पांच वार्डो के नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध होंगी। साथ ही आगामी वर्ष उज्जैन में आयोजित होने वाले सिंहस्थ महापर्व में आने-जाने वाले लाखों श्रद्धालुओं को भी इसका लाभ मिलेगा। क्षेत्रीय विधायक महेंद्र हार्डिया जी एवं प्रदेश के जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट जी के विशेष आग्रह पर खजराना में 100 बिस्तर अस्पताल की मंजूरी दी प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव जी, स्वास्थ्य मंत्री श्री राजेंद्र शुक्ला जी, जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट जी, क्षेत्रीय विधायक श्री महेंद्र हार्डिया जी के मुबारक हाथो से काम शुरू होने वाला है भोपाल एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर 100 बिस्तर के अस्पताल की चिन्हित भूमि का कब्जा स्वास्थ्य मंत्रालय ने ले लिया है आवश्यक प्रशासनिक प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद शीघ्र ही निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाएगा प्रतिनिधिमंडल में सोसायटी के अध्यक्ष हाजी मोहम्मद इकबाल खान,रेहान खान, इमरान खोकर, अनवर खान एवं शाहिद अली सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

# कहानी पाठ के साथ राज्य सम्मेलन की तैयारी

**इंदौर।** मध्य प्रदेश प्रगतिशील लेखक संघ का 14 वां राज्य सम्मेलन अक्टूबर माह के अंत में इंदौर में आयोजित होगा। सम्मेलन की तैयारी हेतु अभिनव कला समाज सभागार में एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में दो युवा लेखकों ने अपनी कहानियों का वाचन कर श्रोताओं को वर्तमान परिवेश, जीवन की विसंगतियों पर चिंतन-मनन का अवसर प्रदान किया। अभय लोधी एवं रवि अहिरवार की कहानियां समकालीन समय का प्रतिनिधित्व करती है। अभय लोधी ने अपनी कहानी में एक ग्रहणी के बंधन मुक्ति को आधार बनाया तो रवि अहिरवार ने देश के सामाजिक राजनीतिक परिवेश, उसके परिणामों की चिंता को साझा किया। श्रोताओं के अनुसार कहानियों के कथानक विश्वसनीय एवं विषय आधारित हैं। भाषा सरल संप्रेषणिय और वातावरण के अनुकूल है। दोनों कहानियां समाज के मनोविज्ञान को प्रभावी तरीके से प्रस्तुत करने में सफल रही है। कहानियों पर विनीत तिवारी, जाकिर हुसैन, विवेक मेहता, जावेद आलम, अभय नेमा, सारिका श्रीवास्तव, विवेक, अजय इमोलिया, विनय चौधरी ने अपने विचार रखें। आभार माना प्रलेसं इकाई सचिव हरनाम सिंह ने।

